## Terms of Reference

## Senior Consultant– Certification Unit (Quality & Patient Safety)

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting implementation of other interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organised around eight (8) divisions, namely– Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Information Technology, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality & Patient Safety.

For improving the Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards were developed under the National Health Mission. Operational Guidelines of Quality Assurance of Public Health facilities and Quality Standards for District Hospitals to AAM-HSC were launched by Ministry of Health and Family Welfare. There is an explicit system of measurement of extent of compliance against each of the National Quality Assurance Standards (NQAS). Each Quality standard had measurable elements and checkpoints. Quality and Patient Safety Division (QPS), NHSRC performs tasks of the secretariat on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare in implementation of National Quality Assurance Standards at Public Health Facilities in States/UTs. Under this mandate, QPS division performs two major roles, first being setting the standards for different level of health facilities as per need and supporting the states in its implementation through capacity building and handholding support and second function is of verification of attainment of standards at the health facilities through a robust system of Quality certification.

**Certification unit** under the QPS division of NHSRC manages Quality Assessments of public health facilities under NQAS. The tasks performed at the certification unit are dynamic in nature and expects a full-time commitment from their consultants. Tasks undertaken at Certification Unit NHSRC, harness the skills of planning, Liaoning, teamwork, timeliness, analytical, promptness in the incumbent. For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a Senior Consultant-CU in the Certification Unit, QPS Division. The incumbent is expected to have excellent analytical skill with research background along with writing & communication skills. Expertise in English language for official communication. The Position reports to Advisor- Quality & Patient Safety and is on Contractual basis. This Position requires a strong moral and ethical code of conduct with essence of integrity, confidentiality while undertaking the responsibility. Also, commitment for long term stay with the organization is desirable.

**Roles & Responsibilities:**

The expected roles of the incumbent are summarised below –

1. Support in conduct of the national level assessments in the allocated states from receipt of application till result declaration.
2. To monitor all certification related activities and ensure completion of activities in a timebound manner.
3. Correspondence of final reports to MOHFW for final decision making on Quality Certification Status of assessed facilities.
4. Manage the data generated during certification process for the preparation of fact sheets.
5. Preparation of data sets for analysis and putting up for national-level review.

6. Utilize the data generated during the process of Quality certification under NQAS for research on Quality of care.
7. Analysis of data and preparation of graphical presentation.
8. Provide technical assistance to undertake research activities under Certification Unit of QPS division.
9. Support the process of establishing cross references to existing and relevant websites and resource centres;
10. Coordination for National Level External Assessors Training.
11. Mentor the team in the conduct of the National level assessments.
12. Prepare technical documents, including reviews on Health Systems interventions, including policy briefs and reports.
13. Ensure timely and high-quality responses to MoHFW and Parliament Questions pertaining to the division.
14. Provide periodic synopsis of progress in states using data and field findings as a means of technical support and programme oversight.
15. Any other responsibility as allocated by Advisor- CU(QPS).

**Qualification & Experience:**

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

***Essential Qualification*** –

- MBBS/BDS/Nursing/BHMS/BAMS graduate with Full time Master's/ Post Graduate in Public Health/Community Health/Hospital Administration/Health Administration.

**Desirable:**

Preference may be given to candidate who:

- Have completed a recognized course in Quality from a reputed institute.
- Have publications in the area of health systems or public health in national / international journals, particularly on quality of care, patient safety, infection prevention & control etc.
- Have implemented digital health initiatives.

**Experience:**

- Minimum of 5 years post-qualification work experience in NQAS implementation and managing public health/Quality program at the National or State level.
- Proficient Knowledge in computer applications

**Note-**

- Only shortlisted candidates will be called for an interview.
- The candidates may be subjected to written test and presentation to judge their writing skills, language proficiency and knowledge of MS Office package and Statistical tools.
- **Age Limit:** 50 Years (maximum age will be counted from the last date for receiving theapplications).
- **Work Location: National Health Systems Resource Centre** New Delhi.
- **Remuneration Range**: Between Rs. 90,000/ to 1,50,000/-

**Fee offered within the band Rs. 90,000/- to 1,50,000/-will be commensurate with qualification and experience.*

- **Other Benefits:** In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.
- **Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2027 (with further extension subject to satisfactory performance)
- Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.
- **How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (**http://nhsrcindia.org**). Applications will be accepted in the prescribed online applicationformat only. The last date for receiving applications is 11th November 2025.

**संदर्भ की शर्तें**

**वरिष्ठ सलाहकार – प्रमाणीकरण इकाई (QPS)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) एक तकनीकी सहायता संस्था है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ( NHM) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है। NHSRC, स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन में मंत्रालय एवं राज्यों के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करता है। NHSRC का कार्य आठ (8) प्रभागों के माध्यम से संगठित है जो की सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य वित्तपोषण, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सूचना प्रौद्योगिकी, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, लोक स्वास्थ्य प्रशासन तथा गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) विकसित किए गए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के गुणवत्ता आश्वासन के परिचालन दिशानिर्देश तथा जिला अस्पतालों से लेकर AAM-HSC तक के गुणवत्ता मानक जारी किए गए हैं। इन मानकों के अनुपालन की सीमा का मूल्यांकन करने के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें प्रत्येक मानक के अंतर्गत मापनीय तत्व एवं जाँच बिंदु निर्धारित हैं। गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग (QPS), NHSRC, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन से संबंधित सचिवालयीय दायित्वों का निर्वहन करता है। इस प्रभाग की दो प्रमुख भूमिकाएँ हैं पहली विभिन्न स्तरों के स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आवश्यकतानुसार मानक निर्धारण करना और राज्यों को उनके क्रियान्वयन हेतु क्षमता निर्माण एवं हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करना। दूसरी स्वास्थ्य संस्थानों में मानकों की प्राप्ति की पुष्टि हेतु एक सशक्त गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्रणाली के माध्यम से मूल्यांकन करना।

प्रमाणीकरण इकाई , QPS प्रभाग के अंतर्गत कार्य करती है और NQAS के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों का गुणवत्ता मूल्यांकन करती है। इस इकाई में किया जाने वाला कार्य गतिशील स्वरूप का होता है, जिसके लिए परामर्शदाताओं से पूर्णकालिक प्रतिबद्धता अपेक्षित है। प्रमाणीकरण इकाई में किए जाने वाले कार्यों में योजना निर्माण, समन्वय, टीमवर्क, समयबद्धता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण एवं त्वरित निर्णय क्षमता जैसी दक्षताओं की आवश्यकता होती है। उपरोक्त कार्यों के निर्वहन हेतु NHSRC वरिष्ठ परामर्शदाता (प्रमाणीकरण इकाई) की नियुक्ति करना चाहता है। अभ्यर्थी में उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक क्षमता, अनुसंधान पृष्ठभूमि, लेखन एवं संप्रेषण कौशल होना अपेक्षित है। साथ ही अंग्रेज़ी भाषा में दक्षता तथा आधिकारिक पत्राचार की क्षमता आवश्यक है।

यह पद परामर्शदाता (Advisor) – गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा को रिपोर्ट करेगा और पूर्णतः संविदात्मक आधार पर होगा। इस पद हेतु उच्च नैतिकता, ईमानदारी, गोपनीयता एवं दायित्वों के प्रति निष्ठा अनिवार्य है। संगठन के साथ दीर्घकालिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता वांछनीय है।

**भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियां :**

पदधारक से अपेक्षित दायित्व निम्नानुसार संक्षेप में प्रस्तुत हैं –

- आवंटित राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के आकलनों  के संचालन में आवेदन प्राप्ति से लेकर परिणाम घोषणा तक की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना।
- प्रमाणीकरण से संबंधित सभी गतिविधियों की निगरानी करना तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करना।
- मूल्यांकित संस्थानों की गुणवत्ता प्रमाणीकरण स्थिति पर अंतिम निर्णय हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) को अंतिम रिपोर्ट प्रेषित करना।
- प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त आँकड़ों का संधारण करते हुए तथ्य पत्र की तैयारी करना।
- विश्लेषण हेतु डेटा सेट्स तैयार करना तथा राष्ट्रीय स्तर की समीक्षा के लिए प्रस्तुत करना।
- NQAS के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्रक्रिया से प्राप्त आँकड़ों का उपयोग सेवा गुणवत्ता पर अनुसंधान हेतु करना।
- डेटा विश्लेषण कर ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण तैयार करना।
- गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग (QPS) की प्रमाणीकरण इकाई के अंतर्गत अनुसंधान गतिविधियों हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- प्रासंगिक वेबसाइटों एवं संसाधन केंद्रों से संदर्भ स्थापित करने की प्रक्रिया में सहयोग देना।
- राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए समन्वय करना।
- राष्ट्रीय स्तर के आकलनों के संचालन में टीम का मार्गदर्शन करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित हस्तक्षेपों पर समीक्षा, नीति सारांश एवं रिपोर्ट सहित तकनीकी दस्तावेज तैयार करना।
- मंत्रालय (MoHFW) एवं संसद से प्राप्त प्रश्नों के प्रति समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्तर सुनिश्चित करना।
- राज्यों की प्रगति पर आधारित आँकड़ों एवं क्षेत्रीय अवलोकनों का सारांश तैयार कर कार्यक्रम पर्यवेक्षण एवं तकनीकी सहयोग के रूप में प्रस्तुत करना।
- परामर्शदाता – प्रमाणीकरण इकाई (QPS) द्वारा सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन करना।

**योग्यता एवं अनुभव:**

उक्त उल्लेखित कार्य परिणामों की प्राप्ति हेतु, आवेदक से अपेक्षित है कि वह निम्नलिखित योग्यता एवं अनुभव का धारणकर्ता हो –

**अनिवार्य योग्यता:**

- MBBS / BDS / नर्सिंग / BHMS / BAMS में स्नातक, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य / सामुदायिक स्वास्थ्य / अस्पताल प्रशासन / स्वास्थ्य प्रशासन में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर / मास्टर्स डिग्री।

**वांछनीय योग्यता:**

निम्नलिखित योग्यताओं वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जा सकती है –

- प्रतिष्ठित संस्थान से गुणवत्ता प्रबंधन में मान्यता प्राप्त कोर्स पूरा किया हो।

- स्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन, विशेषकर गुणवत्ता देखभाल, रोगी सुरक्षा, संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण आदि विषयों पर।

- डिजिटल स्वास्थ्य पहलों को लागू किया हो।

**अनुभव:**

- न्यूनतम 5 वर्षों का पोस्ट-योग्यता कार्यानुभव, जिसमें NQAS के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य/गुणवत्ता कार्यक्रमों का प्रबंधन शामिल हो।
- कंप्यूटर अनुप्रयोगों में प्रवीणता

**नोट:**

- केवल शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

- उम्मीदवारों से लेखन कौशल, भाषा प्रवीणता और MS Office पैकेज एवं सांख्यिकीय उपकरणों के ज्ञान का मूल्यांकन करने हेतु लिखित परीक्षा और प्रस्तुति करवाई जा सकती है।

**आयु सीमा:** 50 वर्ष (अधिकतम आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से गिनी जाएगी)।

**कार्य स्थल:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र , नई दिल्ली।

**मानदेय सीमा:** ₹90,000/- से ₹1,50,000/- प्रति माह
*उक्त वेतन सीमा में योग्यता और अनुभव के अनुसार वेतन निर्धारण किया जाएगा।*

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त NHSRC के सलाहकारों को नि:शुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC नीति के अनुसार), 30 दिन का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश (केवल महिला सलाहकारों हेतु), प्रदर्शन आधारित वेतन वृद्धि, तथा आधिकारिक प्रवास हेतु यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (per diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि** : प्रारंभिक अनुबंध दिनांक 31 मार्च, 2027 तक रहेगा, जिसे कार्य निष्पादन संतोषजनक पाए जाने पर आगे बढ़ाया जा सकता है। साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल की आवश्यकता वाले अन्य रिक्त पदों पर भी, उपयुक्त स्तर पर, विचार किया जा सकता है।

**आवेदन कैसे करें** :अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही-सही भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर 2025 है।